आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

जितेन्द्र सिंह

केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने घोषणा की है कि भारत 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन स्थापित करेगा। इस स्टेशन का नाम भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन होगा और यह परियोजना भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा संचालित की जाएगी। उन्होंने ये बात आज शिमला में मौसम विज्ञान केन्द्र का दौरा करने के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कही। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि परियोजना को पहले 2030 तक पूरा करने की योजना थी लेकिन गगनयान क्रू स्पेसफ्लाइट मिशन और कोविड–19 महामारी के कारण हुई देरी के कारण इसे 2035 तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि शिमला ब्रिटिशकाल में देश की ग्रीष्मकालीन राजधानी रहा है यहां की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र काफी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज धर्मशाला में स्थापित की गई पहली 7 सौ 50 किलोवाट की सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया। इस परियोजना से प्रतिदिन लगभग 2 हज़ार यूनिट बिजली पैदा होगी, जिससे हर महीने 2 लाख 80 हज़ार रुपये की आय होगी। राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने इस परियोजना से उत्पादित बिजली खरीदने के लिए समझौता किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हरित ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है और सौर ऊर्जा का दोहन करने के लिए एक व्यापक रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 72 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाली सात सौर ऊर्जा परियोजनाएं जल्द ही आवंटित कर दी जाएंगी। इसके अतिरिक्त, 3 सौ 25 मेगावाट क्षमता वाली आठ परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण और अध्ययन कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार सरकार 2 सौ किलोवाट

के ग्राउंड–माउंटेड सोलर प्लांट लगाकर 2 सौ पंचायतों को 'ग्रीन पंचायत' के रूप में विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## गौरव अभियान

भारतीय जनता पार्टी ने देशव्यापी संविधान गौरव अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में आज शिमला में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें केन्द्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान व संविधान निर्माता के बारे में कांग्रेस द्वारा भाजपा के खिलाफ लोगों में दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जनता के सामने कांग्रेस की असलियत लाने के उद्देश्य से ये अभियान मंडल स्तर तक आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर के विचारों और सिद्धांतों का सम्मान करता है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, सांसद सिकंदर कुमार और प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन भी मौजूद रहे।

## पुल निर्माण

चंबा जिला मुख्यालय से बालू को जोड़ने के लिए इन दिनों पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। इस पुल के बनने से पक्काटाला के रास्ते चंबा से बालू तक चौपहिया वाहन जा पाएंगे और पुल के बन जाने से यह दूरी 4 से 5 किलोमीटर तक कम होगी।

नमस्कार।